

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

फिल्म हेरा फेरी 3 में तब्बू की एंट्री!

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 281 ■ बुधवार, 5 फरवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# कल्याण-कसारा के बीच चौथी रेल लाइन

■ **52 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा**

**कल्याण.** मध्य रेलवे प्रशासन ने ठाणे जिले के दो तालुकाओं शहापुर और कल्याण के बीच मध्य रेलवे यातायात को गति देने के लिए कल्याण से कसारा तक सीधे नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। कल्याण से कसारा तक नई रेलवे लाइन बनाने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि नई रेलवे लाइन एकल ट्रैक वाली मुंबई उपनगरीय रेलवे तथा लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए अलग-अलग ट्रैक उपलब्ध कराएगी।

मध्य रेलवे पर कल्याण स्टेशन के बगल के स्टेशनों पर मुम्बई की






ओर जाने वाली ट्रेनों का बहुत अधिक आवागमन रहता है। इसलिए, भविष्य में उपनगरीय रेल सेवाओं को बढ़ाने के लिए कल्याण से कसारा तक एक नई, तीसरी-चौथी लाइन का निर्माण किया जाएगा।

रेलवे बोर्ड ने देश के सभी क्षेत्रीय रेल प्रशासनों को प्रस्तावित मेगा टर्मिनस से नई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें चलाने के लिए मौजूदा रेलवे बुनियादी ढांचे को बढ़ाने का निर्देश दिया है। तदनुसार, यहां सड़क का काम दो चरणों में पूरा करने की योजना है।

शाहपुर में कल्याण और आसनगांव के बीच 32 किलोमीटर की चौथी लेन को पहले ही मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए 25 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। इस परियोजना पर 398.88 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। वर्तमान में इस मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया यहां क्रियान्वित की जा रही है। कल्याण और कसारा के बीच 67 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन का काम दो चरणों में किया जा रहा है। कल्याण से आसनगांव और आसनगांव से कसारा दोनों मार्गों पर 52 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। आसनगांव से कसारा खंड को मार्च 2025 तक और कल्याण से आसनगांव खंड को दिसंबर 2025 तक पूरा करने की योजना है। इसलिए, नए मार्गों के लिए 52 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। इनमें से कुल 36 हेक्टेयर निजी व सरकारी भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है, जबकि वन विभाग की 16 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण अभी लंबित है। कल्याण से कसारा तक तीसरे मार्ग की अनुमानित लागत 1,342 करोड़ रुपये है।

# शिलफाटा रोड आज से 5 दिनों के लिए बंद

**10 फरवरी तक वैकल्पिक मार्ग से यात्रा करें**



उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण - शिलफाटा रोड पर पलावा में रेलवे पर निलजे ब्रिज का पुनर्निर्माण कार्य 5 फरवरी की रात से 10 फरवरी तक किया जाएगा। चूंकि यह कार्य 5 फरवरी की मध्य रात्रि से शुरू होगा, इसलिए इस दौरान पलावा जंक्शन की ओर यातायात बंद रहेगा।

इस अवधि के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले हल्के वाहन विपरीत सड़क का उपयोग कर सकेंगे। हालांकि, इस अवधि के दौरान भारी और बड़े वाहनों के कल्याण-शील रोड पर प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से ट्रैफिक जाम से बचने के लिए खोनी तलोजा मार्ग और डोंबिवली मोठागांव मानकोली पुल का उपयोग करने की अपील की है। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से यातायात अधिसूचना का पालन कर सहयोग करने की अपील की है।

**वैकल्पिक मार्ग...**

- इस दौरान छोटे वाहनों को ठाणे की ओर जाने के लिए डोंबिवली मोठागांव मानकोली पुल का उपयोग करना चाहिए।
- इसके अलावा, नवी मुंबई की ओर जाने के लिए वाहन चालकों को कटाई जंक्शन से पाइप लाइन के माध्यम से एमआईडीसी तलोजा मार्ग का उपयोग करना चाहिए।
- हल्के वाहन विपरीत लेन का उपयोग कर सकेंगे।
- हल्के और मध्यम वाहनों को विपरीत चैनल पर कटाई नाका – कटाई गांव कमान से आगे बढ़ना चाहिए और फिर पलावा जंक्शन पर नियमित रोड पर यात्रा करनी चाहिए।
- इस दौरान भारी और बड़े वाहनों के कल्याणशील मार्ग में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# आवारा कुत्तों को लगाये गये रेबिज वैक्सीन

■ **पूर्व नगरसेवक सुजित सोनी के प्रयास से मुहिम सफल**

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के हाऊसिंग बोर्ड परिसर में यहाँ के पूर्व नगरसेवक सुमित सोनी की अगुवाई में अंबरनाथ नगरपरिषद् की सहायता से एवं उत्कृष ग्लोबल फांऊडेशन प्राणी संस्था की ओर से



50 आवारा कुत्तों को रेबिज इन्जेक्शन लगाये गये. विदित हो कि शहर में कुत्तों की सख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है और ये आवारा कुत्ते शहरवासियों को काट रहे हैं. गत वर्ष पाँच हजार लोगों कुत्तों ने काटा है. कुत्तों को रेबिज़ का इन्जेक्शन लगाना ज़रूरी है. नहीं तो कुत्ते पागल हो जाते हैं और आतंक फैला कर जो भी सामने आता है उसको काटते हैं।

शहर में गत वर्ष शहर पश्चिम के स्टेशन रोड पर एक पागल कुत्ते ने 50 लोगों को काटा था. ये सब हाऊसिंग बोर्ड एवं उचन चाल, शिवनगर परिसर में ना हो, इसके लिये पूर्व नगरसेवक सुनिल सोनी ने आगे आकर शहर में इस मुहिम की शुरुआत की है। उन्होंने स्वतः कुत्तों को पकड कर रखा और प्राणी संस्था के लोगों ने इन आवारा कुत्तों को रेबिज का वैक्सीन लगाया. परिसर के निवासियों ने सोनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसी मुहिम पूरे शहर में चालू करना चाहिये. संस्था के संतोष लोंढे, रोहिनी सोनी, सागर गणेश माने ने विशेष योगदान किया दिया.

# कल्याण पूर्व में पीड़ित परिवार के घर के सामने आतंक मचाने वाले 3 गिरफ्तार

**कल्याण.** आरोपी विशाल गवली ने कल्याण पूर्व के चक्की नाका में एक बच्ची के साथ क्रूरतापूर्वक बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी थी। इस अपराध में विशाल गवली अपनी पत्नी के साथ जेल में है। पुलिस उपायुक्त ने उसके आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 3 भाइयों को तड़ीपार कर दिया है. इसी पृष्ठभूमि में रविवार रात को करीब 2:45 बजे तीन लोग दोपहिया वाहन पर सवार होकर मृतक लड़की के माता-पिता के घर के सामने पहुंचे। उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाकर और लोगों को गालियां देकर दहशत फैला दी। यह घटना पुणे लिंक रोड पर नंददीप नगर में घटी। उन्होंने वहां पत्थर फेंके, चीजें फेंकी और एक निवासी पर बर्तन फेंका तथा कहा कि अगर उसे जमानत नहीं मिली तो वह एके-47 लेकर आएगा और उन्हें दिखाएगा। अचानक हुई इस घटना से स्थानीय लोग और पीड़ित परिवार भयभीत हो गया। कल्याण पूर्व में अपराध को समाप्त करने के



लिए पुलिस ने जोरदार प्रयास शुरू कर दिए हैं। फिर भी यह बात सामने आई है कि कल्याण पूर्व क्षेत्र में कुछ युवक आतंक मचा रहे हैं।

नंदादीप नगर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन लोग पीड़ित परिवार के घर पर आतंक मचाते, गाली-गलौज करते और पत्थर फेंकते हुए कैद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने इस घटना को गंभीरता से लिया। उन्होंने कोलसेवाड़ी पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे युवकों की तुरंत पहचान कर उन्हें हिरासत में लेने का आदेश दिया। इस आदेश के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम के मार्गदर्शन में पुलिस ने कल्याण पूर्व क्षेत्र में जांच शुरू की और सी सी टी वी फुटेज के आधार पर मुख्य मास्टरमाइंड पुरुषोत्तम दिलीप शेलार उर्फ वाजदी बाबू को उसके दो अन्य साथियों साहिल कलवार और अनिकेत नितनावरे के साथ गिरफ्तार किया है.

कोलसेवाड़ी पुलिस ने इन तीनों की जांच शुरू कर दी है। इन युवकों का आधी रात को पीड़ित परिवार के घर के बाहर चिल्लाने का क्या उद्देश्य था? पुलिस मामले की विभिन्न कोणों से जांच कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या किसी ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था।

# बैलों की लड़ाई के बाद अब डोंबिवली में भेड़ों की लड़ाई



■ **30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

**कल्याण.** कुछ दिन पहले कल्याण ग्रामीण क्षेत्र में बैलों की लड़ाई का आयोजन किया गया, जबकि इस पर कानूनन प्रतिबंध है। इसके बाद अब खुलासा हुआ है कि भेड़ों की लड़ाई का आयोजन रविवार शाम को शिलफाटा रोड इलाके में टाटा पावर के पास हुआ. जैसे ही कल्याण क्राइम ब्रांच को इसकी सूचना मिली, पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले में तिलकनगर थाने में 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और इसमें उच्च शिक्षित युवकों की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस ने इनमें से 10 लोगों को हिरासत में लिया है और उन्हें समझौता ज्ञापन जारी किया है।

■ **उच्च शिक्षित युवाओं की भागीदारी**

तिलकनगर पुलिस स्टेशन में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 के पुलिस कांस्टेबल विजय नवसरे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, रविवार शाम करीब 6 बजे डोंबिवली पूर्व में नवीन कल्याण रोड पर टाटा पावर कंपनी के सामने भेड़ों की लडाई का आयोजन हुआ. आश्चर्य की बात यह है कि पुणे के कोंढवा, जोगेश्वरी, मलाड, वडाला और अंधेरी क्षेत्रों के उच्च शिक्षित युवाओं, व्यापारियों और कर्मचारियों ने डोंबिवली में भेड़ों की लड़ाई में भाग लिया और इसे देखा। भेड़ों की लड़ाई की सूचना मिलते ही कल्याण क्राइम ब्रांच पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। तिलकनगर पुलिस स्टेशन में 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# दसवीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

■ **टोकावड़े पुलिस ने जांच शुरु की**

**कल्याण.** ठाणे जिले के मुरबाड स्थित एक आश्रम स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र ने संस्थान के निकट पेड़ से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को कुछ राहगीरों ने मुरबाड इलाके में छात्र के शव को पेड़ से लटका देखा और पुलिस को सूचित किया। उसने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि छात्र ने यह कदम क्यों उठाया।

पुलिस ने छात्र की उम्र नहीं बताई है। यह छात्र पड़ोसी जिला पालघर के जवाहर तालुका के खैरेपारा का रहने वाला था और यहां एक सहायता प्राप्त आदिवासी आश्रम स्कूल (आवासीय विद्यालय) का छात्र था।

टोकावडे पुलिस थाने के निरीक्षक दिनकर चकोर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हत्यारा 3 दिन के रिमांड पर



■ **महिला की चाकू घोंपकर हत्या**

■ **ढाई लाख को लेकर हत्या**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक व्यस्त सड़क पर सीमा कांबले नामक महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हत्यारे राहुल भिंगारकर को अंबरनाथ शिवाजीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राहुल ने वित्तीय लेनदेन को लेकर सीमा की हत्या की थी। आज आरोपी राहुल को उल्हासनगर कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। राहुल सीमा का दोस्त था। सीमा ने दोस्ती के नाते राहुल को पैसे दिए थे, लेकिन सीमा पैसे लौटाने पर अड़ी थी। राहुल इस बात से नाराज था, इसलिए उसने सीमा की हत्या कर दी।

# अंबरनाथ में साऊथ अफ्रीका स्ट्रायकर ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

■ **50 हजार का इनाम पाया**

■ **अरविंद वालेकर चषक पर कब्जा जमाया**

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शिवसेना युवा सेना तथा एस एवं 8 बॉयज एवं पुर्व नगरसेवक एड. निखिल वालेकर द्वारा अंबरनाथ के शहर स्तर पर अरविंद वालेकर अण्णासाहेब चषक 2025 क्रिकेट मैच आयोजन किया गया. अरविंद वालेकर के जन्म दिन के अवसर पर ये क्रिकेट मैच खुंटवली के ईंट भट्टी मैदान में आयोजित किये गये. टूर्नामेंट का खिताब एड. संदिप भराडे की टीम साऊथ अफ्रीका स्ट्रायकर्स ने जीता. बाक्स क्रिकेट प्रारूप में खेले गये इस टूर्नामेंट में शहर की कुल सात टीमों ने भाग लिया. सभी टीमें अंबरनाथ शहर के शिवसेना पदाधिकारियों, पार्षदों एवं उद्यमियों की थी. एक और दो फरवरी को हुये दो दिवसीय क्रिकेट बाक्स टूर्नामेंट में साऊथ अफ्रीका स्ट्रायकर्स ने खिताब जीता, तो उप विजेता उमेश यादव की इंडिया ब्लूज़ टीम को मिला. विजेता टीम को 50 हजार रुपए नकद पुरुस्कार और अरविंद वालेकर अन्ना साहेब कप 2025 से शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर द्वारा सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अरविंद वालेकर ने कहा कि उन्हें क्रिकेट में विकेट लेना अच्छा लगता है. एक दुबले पतले खिलाडी ने ज्यादा विकेट लिए यह देखकर वालेकर ने कहा कि विलेट लेने के लिये बॉडी की जरूरत नहीं है. निखित वालेकर, भूषण वालेकर और उनके साथियों ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में परिश्रम किया.

# सड़क पर बदबूदार पानी



■ **4 भाटिया चौक पर नागरिक दुर्गंध से परेशान**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4 स्थित भाटिया चौक पर बदबूदार सीवेज सीधे मुख्य सड़क पर जमा हो रहा है, जिसके कारण यहां से आने-जाने वाले नागरिकों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है, सीवेज सड़क तक आ गया है और सड़क भी खराब हो गई है, नागरिक परेशान हैं पिछले कई दिनों से सड़क पर बदबूदार पानी बहने से परेशान होकर महानगरपालिका प्रशासन से शिकायत की गई है। नागरिकों में रोष है कि इसके बावजूद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# फेक एनकाउंटर के दावे को ठाणे पुलिस ने किया खारिज

■ **2 पुलिसकर्मियों ने हाई कोर्ट का किया रुख**

**ठाणे.** बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी की हिरासत में मौत के लिए मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपित ठाणे के दो पुलिसकर्मियों ने सोमवार को इस दावे से इनकार किया कि उसकी हत्या फेक एनकाउंटर में की गई थी. इस मामले से संबंधित सुनवाई में हस्तक्षेप करने की अनुमति मांगने के लिए उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है.

उन्होंने एक खंडपीठ के समक्ष दायर अपने अंतरिम आवेदन में आरोपी अक्षय शिंदे के पिता के इस दावे को खारिज कर दिया कि पिछले साल 23 सितंबर को ठाणे

**अक्षय शिंदे एन्काउंटर मामला**



जिले में फर्जी मुठभेड़ में उसकी हत्या कर दी गई थी. उन्होंने कहा कि उनकी सुनवाई के बिना पारित कोई भी आदेश समाज में उनकी प्रतिष्ठा को बहुत ठेस पहुंचाएगा.

इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच हुई थी, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों को जिम्मेदार ठहराया गया है. मजिस्ट्रेट ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है. इसमें दावा किया गया कि अक्षय शिंदे को फर्जी मुठभेड़ में मारा था. जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने रिपोर्ट का अवलोकन किया था.

इसके बाद कहा था कि सरकार इस जांच के आधार पर केस दर्ज करने के लिए बाध्य है. आरोपियों में ठाणे क्राइम ब्रांच के सीनियर इंस्पेक्टर संजय शिंदे, इंस्पेक्टर नीलेश मोरे, हेड कांस्टेबल अभिजीत मोरे, हरीश तावड़े और एक पुलिस ड्राइवर शामिल है. इन सभी के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए निर्देश दिया गया था.

बताते चलें कि अक्षय शिंदे (24) को पिछले साल अगस्त में बदलापुर के एक स्कूल के शौचालय में दो नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. वो स्कूल में अटेंडेंट था. 23 सितंबर को तलोजा जेल से पूछताछ के लिए ले जाते समय पुलिस गोलीबारी में

■ **अक्षय शिंदे की मौत के लिए पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार**

कोर्ट ने कहा था, मजिस्ट्रेट ने जांच करके अपनी रिपोर्ट पेश की है. इसका निष्कर्ष है कि आरोपी अक्षय शिंदे की मौत के लिए पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार हैं.₹ खंडपीठ ने कहा कि कानून के अनुसार, पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए. इसके खिलाफ जांच की जानी चाहिए.
कोर्ट ने आगे कहा था, आप (सरकार) इस मजिस्ट्रेट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बाध्य हैं. हमें बताएं कि कौन सी एजेंसी इस मामले की जांच करेगी. रिपोर्ट में मजिस्ट्रेट ने कहा है कि अक्षय शिंदे के साथ वैन में मौजूद चार पुलिसकर्मी स्थिति को संभाल सकते थे. लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया.
इस रिपोर्ट में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के निष्कर्षों पर ध्यान दिया गया है. इसमें कहा गया है कि मृतक की पिस्तौल पर कोई फिंगरप्रिंट नहीं था, जिस पर उसने कांस्टेबल से छीनकर गोली चलाने का आरोप लगाया था. मृतक के हाथों पर गोली का कोई निशान भी नहीं था. हाई कोर्ट ने कहा आरोप सत्य पाए गए हैं.
मजिस्ट्रेट रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख है कि भविष्य में ऐसी स्थितियों में पुलिस को किस तरह की सावधानी बरतनी होगी. इसकी एक प्रति अभियोजन पक्ष और अन्ना शिंदे को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. कोर्ट ने कहा था, ₹हम मूल रिपोर्ट, उससे जुड़े सभी दस्तावेज और गवाहों के बयान अभी अपने पास रखेंगे."

# योगेश्वर हिंदी स्कूल का 25वां वार्षिक उत्सव संपन्न



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के उत्तर भारतीय बहुल इलाका बुवा पाडा के एक हिन्दी स्कूल को 25 वर्ष पूरे हो गये हैं. इस उपलक्ष में जनजागृति शिक्षण मंडल द्वारा संचालित योगेश्वर प्राइमरी, एवं सेकंडरी स्कूल का सिल्वर ज्युबली वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को खुंटवली में वालेकर हॉल में संपन्न हुआ.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगरसेवक एड. निखिल अरविंद वालेकर एवं अतिथि संस्था के चेयरमैन रामकिसुन यादव, सेवा निवृत्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल रमेश प्रसाद सिंह, समाजसेवी विरेंद्र गुप्ता, प्रो पटेल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। स्कूल को 25 वर्ष पूरे होने पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तूत किया. तत्पश्चात अतिथियों ने विजेताओं को स्मृति चिह्न, एवं मेडल प्रदान किया. संस्था के सचिव सत्येंद्र यादव ने उपस्थितों का आभार व्यक्त किया. स्कूल के विद्यार्थी एवं पालक वार्षिकबसमारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित थे. निखिल वालंकर ने भी स्कूल के 25 वर्ष पूरे होने पर संस्था एवं शिक्षकों को शुभेच्छा दी.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## मैला उठाने वालों को नहीं मिलती सुविधा

उत्तर प्रदेश सरकार जिस चीज को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बता कर लगातार प्रचारित करती है, वह है अपराध और अपराधियों पर लगाम कसना। मगर वहां आए दिन जिस तरह की आपराधिक घटनाएं सुर्खियों में आती रहती हैं, उससे यही लगता है कि अपराध को पूरी तरह रोक देने के सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। राज्य में अयोध्या के सहनवां गांव में दलित पृष्ठभूमि की एक युवती के साथ जैसी बर्बरता की खबर आई है, वह किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को दहला देने के लिए काफी है।

गौरतलब है कि युवती गुरुवार को रात दस बजे एक धार्मिक आयोजन में कथा सुनने निकली थी, लेकिन उसके बाद वह नहीं लौटी। उसके परिजनों ने गांव में खोजने के बाद पुलिस के पास गुमशुदगी की रपट भी दर्ज कराई। मगर खबरों के मुताबिक, पुलिस तुरंत सक्रिय होकर उसकी तलाश करने के बजाय महज खानापूर्ति करने में लगी रही।

### दो दिन बाद उसके रिश्तेदारों को उसकी लाश मिली

नतीजा यह हुआ कि दो दिन बाद उसके रिश्तेदारों को उसकी लाश मिली। शव की हालत से साफ था कि उसके साथ बेहद बर्बरता की गई थी। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मगर सवाल है कि अगर राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार का दावा सच है तो अपराधियों के भीतर इस हद तक बर्बर हिंसा करने की हिम्मत कहां से और कैसे आई। वे किन वजहों से इतने आश्वस्त थे कि बेखौफ होकर पहले युवती का अपहरण किया, फिर सारी हदें पार करते हुए उसके साथ बर्बरता की और उसकी हत्या कर दी?

गुमशुदगी का मामला दर्ज कराए जाने के बावजूद पुलिस तत्काल क्यों सक्रिय नहीं हुई? अगर पुलिस ने समय पर जरूरी सक्रियता बरतती और कार्रवाई करती, तो क्या युवती को नहीं बचाया जा सकता था? अफसोसनाक यह है कि एक ओर राज्य सरकार लगातार अपराध पर काबू पा लेने की दुहाई देती रहती है, दूसरी ओर अयोध्या जैसे शहर से भी बर्बर अपराधों की खबरें आ रही हैं और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की चुनौती

यह किसी से छिपा नहीं कि शिक्षा समाज को योग्य और समर्थ बनाने की दिशा में कितनी महत्वपूर्ण है। शिक्षा के परिसर एक परिपक्व और सृजनशील मनुष्य बनाने की प्रयोगशाला होते हैं। वहां विद्यार्थी जीवन मूल्यों की दीक्षा पाता है। उसके व्यक्तित्व की बनावट भी बहुत हद तक वहीं होती है। चूंकि भारत में शिक्षा ऐतिहासिक रूप से अनेक चुनौतियों से घिरी रही है, इसलिए उसकी समस्याएं इकट्ठी होती गई हैं।

भारतीय राजनीति शिक्षा के प्रति अलग-अलग नजरिये से संवेदनशील रही है। फलतः शिक्षा में प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से राजनीतिक प्रयोग होते रहे हैं। चूंकि शिक्षा समाज के वर्तमान और भविष्य, दोनों से जुड़ी रहती है, इसलिए उसमें राजनीतिक दिलचस्पी स्वाभाविक है। आजादी के बाद सेक्युलर दृष्टि शिक्षा की आधारशिला बनी, जिसने बहुत कुछ जो भारतीय था, उसे भुला दिया, बहिष्कृत कर दिया या घटा-बढ़ाकर विकृत रूप में शामिल किया।

शिक्षा की प्रक्रिया को पश्चिमी दुनिया के अनुकूल बनाने और उसी के पैमाने पर चलाने का उद्यम चलता रहा। औपनिवेशिक काल में ज्ञान और संस्कृति के एकल प्रतिमान के रूप में जो अंग्रेजियत स्थापित हुई, वह वर्चस्व बनाती गई। स्वतंत्र भारत में अपनाई गई शिक्षा की नीतियां, योजनाएं, प्रविधान और उनका कार्यान्वयन प्रायः पुरानी लीक पर ही होता रहा। स्वतंत्रता के बाद अपनाए गए पश्चिमी माडल से हम उबर नहीं पाए हैं। थोड़ा बहुत हेरफेर कर काम चलाते रहे। परिणाम यह हुआ कि भारतीय शिक्षा के समग्र, समावेशी और स्वायत्त स्वरूप विकसित करने की बात धरी की धरी रह गई।



अमृतकाल में भारत ने 2047 तक देश को विकसित करने का संकल्प लिया है, ताकि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन की गुणवत्ता की दृष्टि से देश की सामर्थ्य में अभिवृद्धि हो और वह विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में पहुंच जाए। कई वर्षों से शिक्षा पर देश के बजट में छह प्रतिशत खर्च करने की बात होती रही है, परंतु वास्तविक व्यय तीन प्रतिशत भी कठिनाई से हो पाता है। विकास के पहिए की धुरी शिक्षा होती है। इसलिए यह राष्ट्रीय नियोजन में उचित महत्व की हकदार है। आज शैक्षिक परिवेश अध्यापकों की कमी और उनकी गैर-अकादमिक आकांक्षाओं से दूषित हो रहा है। पेपर लीक की घटनाएं, शोध में चोरी (प्लैगरिज्म) का चलन बढ़ रहा है।

ज्ञान में वृद्धि और नवोन्मेष की जगह दोहराव और कापी-पेस्ट की प्रवृत्ति तेजी से फैल रही है। ज्ञान की कवायद तो हो रही है, पर पढ़ाई की गुणवत्ता घट रही है। खस्ताहाल विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई नाकाफी हो रही है। उसकी भरपाई करते कोचिंग संस्थान लोकप्रिय और नफे वाला व्यापार बन चुका है। इसके दबाव में विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रहा है। लोकहित के व्यापक लक्ष्यों के लिए समानता और समता जरूरी है, पर भारत में शिक्षा कई तरह से विभेदकारी होती जा रही है। आज सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्ववित्तपोषित संस्थाएं चल रही हैं। उनमें फीस, प्रवेश, पढ़ाई और परीक्षा के तौर-तरीके भी बेमेल हैं। बच्चे को पढ़ाना अभिभावकों के लिए बरसों बरस चलने वाले संघर्ष बन गया है।

केंद्रीय बजट में शिक्षा की बारी बहुत बाद में आती है। दुनिया के अन्य देशों के सापेक्ष शिक्षा के लिए छह प्रतिशत आवंटन की वकालत कई सालों से की जा रही है। देश के 14.72 लाख विद्यालयों में 98 लाख शिक्षक 24.8 करोड़ विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करते हैं। वित्त मंत्री ने बजट में सभी बच्चों को सौ प्रतिशत स्कूल भेजने का लक्ष्य तय किया है और तकनीकी शिक्षा और शोध विशेषतः कृत्रिम मेधा पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त डिजिटल इंडिया ई-लर्निंग के लिए 681 करोड़ का आवंटन है।

मेडिकल कालेजों में 10 हजार अतिरिक्त सीटें होंगी। स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए डिजिटल किताबें देने की तैयारी है। आइआइटी का विस्तार करते हुए पांच आइआइटी के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। स्कूली शिक्षा की चुनौती बहुत बड़ी है, पर नवोदय विद्यालयों का बजट कटा है। केंद्रीय विद्यालयों, यूजीसी, एनसीईआरटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों का बजट बढ़ा है। उच्च शिक्षा के लिए 7.74 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में आवंटन में 6.65 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कुल बजट का 2.5 प्रतिशत आवंटन शिक्षा के लिए है।





जब हम आत्मा की आँखों से जीवन को देखते हैं, तो हमें विश्वास हो जाता है कि प्रभु हमारी संभाल कर रहे हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# ट्रंप ने पूरा किया चुनावी वादा

इमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए आखिरकार चीन, मेक्सिको और कनाडा से आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया। चीन से होने वाले सभी आयात पर दस फीसद और मेक्सिको तथा कनाडा से आयात पर पच्चीस फीसद शुल्क लगाया गया है। इन तीनों देशों के साथ अमेरिका की बड़ी व्यापारिक साझेदारी है। अमेरिका के ताजा फैसले पर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कनाडा ने तो घोषणा कर दी है कि वह भी अमेरिका से आयात होने वाली वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाया जाएगा।

चीन ने इस फैसले को विश्व व्यापार संगठन के समक्ष शिकायत करने को कहा है। उसका कहना है कि यह विश्व व्यापार संगठन के नियमों के विरुद्ध है। अगर अमेरिका अपने शुल्क संबंधी फैसले पर दुबारा विचार नहीं करता है, तो वह भी उसके यहां से होने वाले आयात पर ऐसा ही कदम उठाएगा। इस तरह व्यापार युद्ध का खतरा बढ़ गया है। इसमें अमेरिकी व्यापार को अधिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक इससे अमेरिका को दो लाख करोड़ डालर से अधिक का व्यापार घाटा उठाना पड़ सकता है। मगर अमेरिका इसे अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बता रहा है।

दरअसल, अमेरिकी में अवैध प्रवासन और दवाओं के अवैध निर्माण की वजह से वहां के लोगों के सामने जीवन का खतरा पैदा हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने उसी को रोकने के मकसद से यह कड़ा कदम उठाया है। कई देश अपने उत्पाद और घरेलू बाजार को



मजबूत बनाने के मकसद से आयात पर नकेल कसने का प्रयास करते हैं। अमेरिका की चिंता भी जाहिर है। ट्रंप अपने यहां उत्पादन और निर्यात को बढ़ाना चाहते हैं। इस तरह उनका इरादा गलत नहीं कहा जा सकता।

मगर जिस तरीके से उन्होंने अतिरिक्त शुल्क थोपने का फैसला किया है, उससे स्वाभाविक ही संबंधित देशों को नागवार गुजरा है। अवैध प्रवासन और मादक पदार्थों के निर्माण और बिक्री का मुद्दा चिंताजनक है, पर इससे निपटने के लिए दूसरे व्यावहारिक रास्ते निकाले जाने चाहिए। शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को भी धमकाया था कि अगर इन देशों ने डालर के अलावा किसी अन्य मुद्रा में व्यापार करने का प्रयास किया, तो उन पर सौ फीसद शुल्क लगाया जा सकता है। यह ठीक है कि ट्रंप को अपनी अर्थव्यवस्था की चिंता है, पर इसका यह अर्थ नहीं कि वे विश्व व्यापार की नीतियों को ताक पर रख कर दूसरे देशों के व्यापारिक हितों को बाधित करें।

भारी शुल्क लगाने से केवल संबंधित देशों से आयात पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, खुद अमेरिका को भारी महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। फिर, ऐसा तो हो नहीं सकता कि अमेरिका एकतरफा शुल्क लगाने का निर्णय कर ले और दूसरे देश उसकी वस्तुओं को शुल्क मुक्त रखें। अमेरिका को भी उन देशों में अपनी वस्तुएं बेचना आसान नहीं रह जाएगा।

वैश्वीकरण के बाद इसीलिए व्यापारिक गतिविधियों को संतुलित करने का प्रयास किया जाने लगा था, ताकि देशों के व्यापारिक हित न टकराने पाएं और मुक्त बाजार को विस्तार मिले। ट्रंप के ताजा फैसले के बाद अगर मेक्सिको, चीन और कनाडा भी शुल्क वृद्धि करते हैं और ट्रंप उसकी प्रतिक्रिया में फिर शुल्क बढ़ाने का प्रयास करते हैं, तो व्यापारिक तल्खियां बढ़ेंगी ही। इससे अमेरिकी नागरिकों के हित सुरक्षित होने के बजाय नाहक टकराव भरे हो सकते हैं।

# अरे बाप रे! पांच बीघा जमीन में फैला है यह पेड़

जरा हट के

यह एक पेड़ कोई साधारण पेड़ नहीं है. यह लाखों लोगों के लिए न केवल ब्रह्म स्थान होने के कारण आस्था का केंद्र है, बल्कि अदभुत पेड़ होने के कारण आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है. यह उत्तर प्रदेश का एक अनोखा बरगद का पेड़ है.

यह पांच बीघे में फैला हुआ एक बड़ा जंगल है. इसमें आप सोच रहे होंगे कि लगभग सैकड़ो पेड़ होंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है. केवल एक बरगद का पेड़ है, जो इस पूरे जंगल को जन्म दिया है. यही तो चौंकाने वाली बात है.

स्थानीय लोगों की मानें तो जिले के ढोढवली छाता में यह प्राचीन बरगद का पेड़ मौजूद है. इसी में एक ब्रह्मस्थान भी है. यहां आने वाले हर लोगों की मुरादे पूरी होती है. कुबेर गुप्ता ने कहा कि उन्होंने बाबा से नाती मांगा था, उनकी मनोकामना पूरी हुई. जिसके बाद वो यहां अखंड हरकीर्तन का आयोजन किए.

स्थानीय लोग बताते हैं कि इस गांव के रहने वाले होरिल नामक एक व्यक्ति थे,उन्होंने एक आम के पेड़ के लिए अपनी जान दे दी थी. उसके बाद वह आम का पेड़ सूख गया और वहीं से इस बरगद के पेड़ का जन्म हुआ. देखते ही देखते यह पेड़



इतना विशाल हो गया कि एक जंगल के रूप में बदल गया. इसी के बगल में होरिल ब्रह्म बाबा को स्थापित कर लोग पूजा याचना करने लगे.

यह पेड़ उत्तर प्रदेश का अनोखा पेड़ है. इस एक पेड़ की जड़ से ही पूरे पेड़ जुड़े हुए हैं. यह एक ही बरगद का वृक्ष है. इस पेड़ को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. यह पेड़ हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. यह एक बहुत प्राचीन पेड़ है.

यह एक ऐसा पेड़ है, जिसको देखने के बाद हर कोई चौंक जाता है. यहां लोग आकर पूजा अर्चना करते हैं. इस एक पेड़ से जन्म लिए इस जंगल में केवल एक ब्रह्म भी है जो लोगों का कल्याण करते हैं.

स्थानीय कुबेर गुप्ता बताते हैं कि इस एक पेड़ को पूरा देखने के लिए घंटा लग जाएगा, लेकिन पेड़ खत्म नहीं होगा. कम से कम यह पांच बीघा में फैला हुआ है.

# इन 5 लोगों को नहीं खाना चाहिए सरसों का तेल

### ■ सेहत को हो सकता है गंभीर नुकसान

भारतीय घरों में सरसों का तेल सबसे ज्यादा इस्तेमाल में लाया जाता है। खाना पकाना हो या बालों और स्किन का ध्यान रखना हो, सरसों का तेल एक बेहतरीन ऑप्शन है। कई घरों में रोजाना की कुकिंग के लिए भी इसी का इस्तेमाल होता है। मोटे तौर पर खाना पकाने के लिए यह एक हेल्दी ऑप्शन है और खाने में एक नया फ्लेवर भी एड करता है। अपने पोषक तत्वों के चलते आयुर्वेद में भी सरसों का तेल इस्तेमाल करने के कई फायदे बताए गए हैं। हालांकि कुछ लोगों के लिए सरसों के तेल में बना खाना खाना नुकसानदायक भी हो सकता है। ऐसे में कुछ लोग इसे खाना अवॉइड ही करें तो बेहतर है। आइए जानते हैं किन हेल्थ कंडीशंस में सरसों का तेल नहीं खाना चाहिए।

### ■ जिन्हें रहती हो पाचन से जुड़ी समस्याएं

कई लोगों को अक्सर पाचन से जुड़ी कोई ना कोई समस्या जैसे - अपच, गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी, सीने में जलन और कब्ज आदि बनी ही रहती है। मोटे तौर पर कहें तो इन्हें खाना पचाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसे लोगों को सरसों का तेल ज्यादा नहीं खाना चाहिए। दरअसल सरसों के तेल की तासीर गर्म होती है और इसे पचाना भी थोड़ा मुश्किल हो सकता है। कई मामलों में ज्यादा सरसों के तेल से बना भोजन करने पर उल्टी-दस्त जैसी समस्या हो सकती है।

### ■ प्रेग्नेंसी में ना खाएं सरसों का तेल

गर्भवती महिलाओं को भी ज्यादा सरसों के तेल का बना खाना खाने से परहेज करना चाहिए।



दरअसल सरसों के तेल में कुछ केमिकल कंपाउंड मौजूद होते हैं, जो कई बार शिशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसकी तासीर भी गर्म होती है, जो इस स्थिति में और समस्या खड़ी कर सकती है। इसके अलावा इसे खाने से मोटापे का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। ऐसे में प्रेग्नेंट महिलाओं को हमेशा डॉक्टर की सलाह पर ही सरसों के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए।

### ■ जिन्हें हो हार्ट से जुड़ी समस्या

आजकल हार्ट से संबंधित बीमारियां काफी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में अपने खानपान का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ज्यादा सरसों का तेल खाने से हृदय रोगों का खतरा और भी ज्यादा बढ़ सकता है। दरअसल सरसों के तेल में एरुसिक एसिड मौजूद होता है, जो हार्ट की मसल्स में और भी ज्यादा फैट को जमा करता है। इससे हार्ट अटैक जैसी दिल की कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जिन लोगों को पहले से ही हार्ट से जुड़ी कोई समस्या है उन्हें डॉक्टर की सलाह के बिना सरसों का तेल बिल्कुल भी इस्तेमाल में नहीं लाना चाहिए।

### ■ मोटापे से परेशान लोग

अगर आप अपने बढ़ते मोटापे से परेशान हैं और वजन घटाने में लगे हुए हैं, तो आपको अपनी डाइट में सरसों का तेल कम से कम ही इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल सरसों के तेल में काफी अधिक मात्रा में फैट मौजूद होता है, जो तेजी से वजन बढ़ा सकता है। ऐसे में आपको बहुत ही सीमित मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए ताकि आपका वजन कंट्रोल में रहे।

### ■ एलर्जी वाले कम करें सरसों के तेल का इस्तेमाल

कई लोगों को एलर्जी की समस्या होती है। उनकी स्किन पर खुजली, रैशेज,चकत्ते और कई बार आंतों में सूजन तक हो जाती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इन लोगों को भी अपने डॉक्टर की सलाह के बाद ही सरसों के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल सरसों के तेल में मौजूद कुछ केमिकल कंपाउंड एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं या फिर इसे और भी ज्यादा बढ़ा सकते हैं। ऐसे में सरसों के तेल का इस्तेमाल लिमिट में ही करें।

# बंगाली मिठाई संदेश

खाना-खजाना

**प्यार का महीना यानी फरवरी शुरू होते हैं ही बाजारों में लाल और गुलाबी रंग की बहार आ जाती है। इस महीने में आने वाले वैलेंटाइन वीक का इंतजार हर कोई बेसब्री से करता है। वैलेंटाइन वीक की शुरुआत में ज्यादातर लोगों को गुलाब का फूल मिल ही जाता है। ताजे फूल दिखने में तो अच्छे लगते है लेकिन धीरे-धीरे जब सूख जाते हैं तो इन्हें फेंक दिया जाता है। लेकिन इस बार आप ऐसा न करें। आप इसका इस्तेमाल अलग-अलग तरह से कर सकते हैं और एक तरीका है कि आप इससे कुछ टेस्टी खाने की चीज बना लें। ऐसे में आप इस फूल की पत्तियों से टेस्टी रोज संदेश बनाकर तैयार कर सकते हैं।**

**सामग्री :**

- फुल क्रीम दूध
- एक चम्मच नींबू का रस या विनेगर
- चीनी (पाउडर)
- रोज शरबत
- रोज एसेंस
- पिस्ता
- गुलाब की पत्तियां

**विधि :**

इस मिठाई को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में दूध को



अच्छे से गर्म करें और जब इसमें उबाल आ जाए तो आंच कम करने के बाद इसमें नींबू का रस या विनेगर डालें और अच्छे से चलाते रहें। कुछ देर में दूध से बना छेना और पानी अलग हो जाएगा। फिर इसे छन्नी से छान लें। इस छेने को साफ पानी से दो से तीन बार धोएं और फिर अच्छे से पानी निचोड़ने के बाद इसे एक प्लेट में रखें। अब इस छेने में चीनी, रोज शरबत और रोज एसेंस (ऑप्शनल) को अच्छे से मिला लें। अब इसे हथेली की मदद से अच्छे से मसलें। जब छेना आटा की तरह बन जाए तो इसके छोटे-छोटे गोले बना लें। फिर इसके ऊपर गुलाब की पत्ती और बारीक कटा पिस्ता लगाएं और हल्के हाथ से दबा दें। सभी को इसी तरह तैयार करें और कुछ देर के लिए फ्रिज में ठंडा करने के बाद सर्व करें।

# महिलाओं के लिए वरदान हैं कद्दू के पत्ते



### ■ मूड स्विंग से एनीमिया तक में पहुंचाते हैं फायदा

आपने कभी कद्दू के पत्ते की सब्जी भी कभी बनाकर खाई है? जी हां, कद्दू की सब्जी की ही तरह इसके पत्ते भी बेहद टेस्टी और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। जो खासतौर पर महिलाओं की सेहत को कई फायदे पहुंचाते हैं। बता दें, कद्दू के पत्तों में फ्लेवोनोइड*, फेनोलिक यौगिक और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके साथ ही इसमें कैल्शियम, मैंगनीज, विटामिन बी 6 और फास्फोरस भी पाया जाता है। यह सभी पोषक तत्व शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। आइए जानते हैं कद्दू के पत्ते खाने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।

### ■ प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम

प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम, आजकल ज्यादातर महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। इस समस्या से पीड़ित महिला मूड परिवर्तन, सिरदर्द, डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन आदि समस्याओं से परेशान रहती है। जिससे राहत पाने के लिए महिलाओं को मैंगनीज रिच आहार लेने की सलाह दी जाती है। कद्दू के पत्तों में भरपूर मात्रा में मैंगनीज मौजूद होता है। जो महिलाओं को इस समस्या में राहत दे सकता है।

### ■ कब्ज

अगर किसी महिला को कब्ज की शिकायत रहती है तो कद्दू के पत्ते उसे फायदा पहुंचा सकते हैं। फाइबर रिच कद्दू के पत्तों का सेवन करने से कब्ज से राहत मिल सकती है। यह मल को मुलायम बनाने के साथ मल त्याग की प्रक्रिया को भी आसान बनाता है।

### ■ मजबूत हड्डियां

कद्दू के पत्तों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और फास्फोरस मौजूद होने से यह आपकी हड्डियों को मजबूत और दांतों के विकास में जरूरी भूमिका निभाता है। इनके नियमित सेवन से जोड़ों और हड्डियों के दर्द से भी निजात मिल सकती है।

### ■ एनीमिया

कद्दू के पत्तों में आयरन की अच्छी मात्रा मौजूद होने से एनीमिया की कमी दूर होने के साथ पीरियड के दर्द में भी राहत मिल सकती है।

### ■ कोलेस्ट्रॉल

कद्दू के पत्तों में मौजूद घुलनशील फाइबर छोटी आंतों से कोलेस्ट्रॉल और पित्त एसिड के अवशोषण को कम करने में मदद करता है, जिससे रक्त कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। ब्लड कोलेस्ट्रॉल को कम करके, फाइबर हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

# शांत रहकर पकाना चाहिए खाना

**शांत रहकर खाना पकाना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इस तरह आप ज्यादा फोकस होते हैं। इसके अलावा खाने को देखने के साथ उसकी खुशबू, बनावट और आवाज के साथ पूरी तरह से जुड़ने में कामयाब होते हैं। इसके अलावा इस तरह की कुकिंग आपको स्ट्रेस फ्री और रिलैक्स महसूस करवा सकती है। यहां जानिए शांत रहकर खाना पकाने से क्या होता है-**



### ■ स्ट्रेस होगा कम

जब आप शांत रहकर खाना पकाते हैं तो शांत वातावरण तनाव को कम करने में मदद कर सकता है। इसी के साथ अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जो एकांत का मजा लेते हैं शांत रहकर खाने बनाने का अनुभव आपको जरूर पसंद आएगा।

### ■ आवाज के प्रति जागरूकता

खाना पकाते समय जब आप बातचीत या किसी भी तरह के शोर से दूर होते हैं, तो आप खाना पकाने की हल्की आवाज जैसे तेल के गर्म होने, उबलते पानी की आवाज सुन पाते हैं। इसी के साथ सब्जियों को धीरे से काटने में ज्यादा मशगूल हो जाते हैं। ऐसा करके आप खाना पकाने की प्रक्रिया की ज्यादा सटीक निगरानी कर सकते हैं।

### ■ माइंडफुलनेस प्रेक्टिस

अगर आपके दिमाग में हमेशा बहुत कुछ चलता रहता है तो शांत रहकर खाना पकाना एक तरह की माइंडफुलनेस प्रेक्टिस हो सकती है, जो आपको उस पल में पूरी तरह से मौजूद रहने और काम पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है। ऐसा करके आप ज्यादा आराम और केंद्रित महसूस करते हैं।

### ■ खाने का बढ़ता है स्वाद

खाना बनाते समय आवाज और खाने की बनावट पर पूरा ध्यान देने से आपको अपने खाने की अच्छी बनावट मिल सकती है। इसी के साथ आप खाने को बहुत ज्यादा पकने या जलने से बचा सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक लाभ मिलने से एक्स्ट्रा खर्च उठा पाएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य कमजोर होगा।

**वृषभ :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वविवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन :** गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**कर्क :** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धनलाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग हैं। वाणी पर संयम आवश्यक है। जीवनसाथी से मदद मिलेगी। सामाजिक यश-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी की आलोचना न करें। खानपान का ध्यान रखें। आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी।

**कन्या :** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। व्यावसायिक समस्या का हल निकलेगा। नई योजना में लाभ की संभावना है। घर में मांगलिक आयोजन हो सकते हैं। जीवनसाथी से संबंध घनिष्ठ होंगे। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**तुला :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। नई कार्ययोजना के योग प्रबल हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**वृश्चिक :** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कानूनी मामले सुधरेंगे। धन का प्रबंध करने में कठिनाई आ सकती है। आहार की अनियमितता से बचें। व्यापार, नौकरी में उन्नति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रखें।

**धनु :** व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा।

**मकर :** लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण मानसिक कष्ट रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धैर्य एवं संयम रखकर काम करना होगा। यात्रा आज न करें।

**कुंभ :** नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में भावनात्मक समस्याएँ रह सकती हैं। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। राजमान प्राप्त होगा।

**मीन :** परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है। आर्थिक सुदृढ़ता रहेगी। धनार्जन होगा। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बेचैनी दूर होगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कोर्ट में अनुकूलता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### बिजली विभाग ने किसान को भेज दिया साढ़े सात करोड़ का बिल

**बस्ती.** यूपी में एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। बिजली विभाग ने एक किसान के घर में करोड़ों का बिल भेज दिया। अपना बिल देखकर किसान को तगड़ा झटका लग गया। किसान ने बताया कि उसके घर में महज एक पंखा और एक बल्ब जलता है, फिर भी इतना बिल भेज दिया गया। किसान ने बताया कि जितना बिल आया है वह पूरी प्रॉपर्टी भी भेज देगा तो भी नहीं चुका सकता। पूरा मामला बस्ती जिले में स्थित विद्युत उपकेंद्र हर्रैया के केशवपुर फीडर का है। रमया गांव निवासी किसान मोलहू को विभाग ने 7.32 करोड़ का बिल भेज दिया है। वहीं बिल देखकर परिवार के एक सदस्य की तबियत भी बिगड़ गई। किसान मोलहू ने बताया कि दो दिन पहले बिजली विभाग के कर्मी उसके पास आए थे और बिल देकर गए। कर्मियों ने उससे कहा कि अपना बकाया जमा करा दो। उसने जब बिल देखा तो उनके होश उड़ गए। उसमें बकाया सात करोड़ 32 लाख एक हजार एक सौ उन्नीस रुपये दर्शाया गया था।

### कोचिंग मैनेजर ने फांसी लगाकर दे दी जान, सुसाइड नोट में बताई मौत की ये वजह

**रामगढ़ताल.** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर का रहने वाला 52 वर्षीय विशाल सिंह शाहपुर थाना क्षेत्र के खजांची चौराहे पर स्थित स्टार ट्यूटोरियल कोचिंग सेंटर में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। विशाल ने सोमवार को सुबह छह बजे पहुंच कर कोचिंग सेंटर खोल दिया था। सिक्योरिटी गार्ड सुबह 8 बजे पहुंचा तब दरवाजा अंदर से बंद था। उसने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो मैनेजर का शव पंखे की कुंडी में रस्सी के सहारे लटका मिला। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज राय ने फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया। टीम ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया।

### रेलवे कर्मचारी का टीनशेड में फंदे से लटकता शव मिला, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**गोरखपुर.** गोरखपुर में धर्मशाला पुल के नीचे स्थित रेलवे के एक टीनशेड में रविवार की सुबह एक रेलवे कर्मचारी का शव नायलॉन की रस्सी से बने फंदे से लटकता मिला। रेलकर्मी की पत्नी ने एक व्यक्ति से लेन-देन के विवाद में हत्या की आशंका जताई है। वह रेलवे में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था। गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र के सेमरा नंबर एक में रहने वाली रेनू देवी ने शाहपुर पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि रविवार की दोपहर एक व्यक्ति से उसके पति बहादुर यादव का रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद युवक जान से मारने की धमकी देते हुए घर से चला गया।

# गुजरात में भी UCC लागू करने की तैयारी

- **CM ने मसौदा तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाई, 45 दिन में रिपोर्ट मांगी**



**अहमदाबाद.** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (UCC) लागू हो सकता है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को मसौदा तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की।

सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में 4 सदस्य होंगे। कमेटी 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर UCC लागू करने का फैसला लिया जाएगा।

एक अधिकारी के मुताबिक, समिति रिपोर्ट तैयार करने के लिए मुस्लिम समुदाय और दूसरे धार्मिक नेताओं से भी मुलाकात करेगी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा- UCC लागू होने पर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा होगी।

उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है जहां 27 जनवरी को UCC लागू किया गया। CM पुष्कर सिंह धामी ने UCC पोर्टल और नियम लॉन्च किया था। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड में UCC लागू करके हम संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

### भाजपा सरकार जो कहती है, वह करती है: भूपेंद्र पटेल

- CM पटेल ने कहा- जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, प्रधानमंत्री मंत्री महोदय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए समान नागरिक संहिता का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि इसे पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा सरकार जो कहती है, वह करती है।
- एक राष्ट्र एक चुनाव, अनुच्छेद 370, तीन तलाक कानून आदि को लेकर किए गए वादे एक के बाद एक पूरे किए गए हैं। अब समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया गया है। गुजरात अपने संकल्प को पूरा करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यह राज्य में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और विशेषाधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।
- गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा- UCC संविधान की भावना है जो कि समरसता एवं समानता स्थापित करेगा। गुजरात के सभी नागरिकों को एक समान अधिकार मिले इसके लिए मुख्यमंत्री ने एक कमेटी बनाई है।

# दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग आज

## 19% प्रत्याशी दागी, 5 की संपत्ति 100Cr पार; इंडिया ब्लॉक की 5 पार्टियां आमने-सामने




**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव में INDIA ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी (AAP) और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं।

वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (CPI) ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट (CPM) और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट लेनेनिस्ट (CPI-ML) ने 2-2 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

भाजपा ने 68 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल- यूनाइटेड (JDU) ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (LJP-R) ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं।

महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी CM एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है।

इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी (BSP) 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे।

### 81 पर हत्या-बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज

चुनाव आयोग के मुताबिक निर्दलीय समेत विभिन्न पार्टियों के कुल 699 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (ADR) ने इन सभी उम्मीदवारों के हलफनामों की जांच करके एक रिपोर्ट तैयार की है।

इसके मुताबिक करीब 19 फीसदी यानी 132 उम्मीदवार आपराधिक छवि के हैं। इनमें से 81 पर हत्या, किडनैपिंग, बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 13 उम्मीदवार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में आरोपी हैं।

# EC बोला - चुनाव से पहले हम पर दबाव बनाया जा रहा

- **AAP ने आरोप लगाया था- आयोग गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहा, भाजपा को सपोर्ट कर रहा**

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग (EC) ने मंगलवार को राजनीतिक पार्टियों के बार-बार दबाव बनाने और आरोपों पर अपनी बात रखी। EC ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर कहा, '3 सदस्यीय आयोग ने महसूस किया है कि दिल्ली चुनावों में आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है।'

आयोग ने कहा, 'रणनीति इस प्रकार है कि मानो EC एक एकल सदस्यीय निकाय है। आयोग ने संवैधानिक तरीके से आरोपों का बुद्धिमत्ता के साथ धैर्यपूर्वक सामना किया और इससे प्रभावित नहीं हुआ है।' हालांकि अपने इस बयान में आयोग ने किसी भी पार्टी का नाम नहीं लिया है। आयोग ने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव साफ-सुथरे होंगे। इसके लिए 1.5 लाख कर्मी तैनात किए गए हैं।

दरअसल, AAP और सीएम आतिशी ने आज सुबह आरोप लगाया कि चुनाव आयोग गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहा है। वह भाजपा को सपोर्ट कर रहा है। पार्टी ने यह आरोप तब लगाया, जब दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन

### आतिशी पर आचार संहिता उल्लंघन का केस

- दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह CM आतिशी पर आचार संहिता (MCC) के उल्लंघन का केस दर्ज किया। इस पर आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा- 'ECI राजीव कुमार जी, अपनी सोई हुई आत्मा को जगाओ। आज लोकतंत्र राजीव कुमार के हाथ में है।'
- 'कल हमें सूचना मिली कि रमेश बिधूड़ी की टीम के कुछ लोग कालकाजी में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को धमका रहे हैं। हमारे पास जीपीएस टैग वाली तस्वीरें हैं, जिनसे पता चलता है कि रोहित चौधरी नाम का एक व्यक्ति रात में साइलेंस टाइम के दौरान भी मौजूद था। हमारी शिकायत पर पुलिस उसे ले गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।'
- 'रमेश बिधूड़ी के कुछ लोग दूसरी कार में घूम रहे थे। उसमें अनुज बिधूड़ी भी था, जो रमेश बिधूड़ी का भतीजा है। जब एसएचओ वहां पहुंचा और उसने अनुज बिधूड़ी को देखा तो उसने सबके सामने उन्हें भगा दिया। इस बात से ध्यान हटाने के लिए पुलिसकर्मियों ने दो स्थानीय लड़कों की पिटाई की, जो MCC उल्लंघन का वीडियो बना रहे थे।

### आज प्रयागराज आएंगे मोदी

**मिल्कीपुर.** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के तहत आज मतदान होना है। प्रशासन, पुलिस और मतदान कर्मी लगातार तैयारी में जुटे हैं। उपचुनाव के लिए करीब एक महीने से चल रहा चुनाव प्रचार भाजपा और सपा की तकरार के साथ सोमवार को थम गया। मिल्कीपुर विधायक रहे अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से सांसद निर्वाचित होने के बाद यह सीट खाली हुई थी। विधानसभा क्षेत्र के तीन लाख 70 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए कल भाजपा और सपा सहित सहित 10 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद करेंगे। वहीं दूसरी ओर पांच फरवरी यानी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आएंगे। महाकुंभ में एक घंटा रुकने के बाद पीएम मोदी वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# योगी और भूटान नरेश ने संगम में डुबकी लगाई

- **गंगा पूजन के बाद अक्षयवट का दर्शन किया**
- **अब तक 37 करोड़ ने स्नान किया**



**प्रयागराज.** सीएम योगी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संगम में डुबकी लगाई है। गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद अक्षयवट धाम और लेटे हनुमान में दर्शन-पूजन किया।

योगी और भूटान नरेश के साथ लखनऊ से विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से महाकुंभ आए। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश ने योगी के साथ पक्षियों को दाना खिलाया और फोटो भी खिंचवाई। योगी के दौरे को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया है। शाम 4 बजे के बाद खोला जाएगा। 5 फरवरी को पीएम मोदी महाकुंभ आ रहे हैं, ऐसे में योगी हेलीपैड से लेकर अरैल घाट और संगम नोज तक की व्यवस्था को भी देखेंगे। महाकुंभ का आज 23वां दिन है। सरकार के मुताबिक, अब तक 37.54 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। 4 बजे तक 66.70 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कल यानी वसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ लोगों ने स्नान किया।

इधर, 29 जनवरी को हुई भगदड़ से संबंधित अफवाह फैलाने के आरोप में प्रयागराज पुलिस ने 8 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इन्होंने अपने X अकाउंट और इंस्टाग्राम आईडी से वीडियो-फोटो अपलोड किए थे।

# गौ-तस्करों को बीच सड़क गोली मारने का आदेश

- **कर्नाटक के मंत्री बोले- 'किसी को बख्शा नहीं जाएगा'**



**कारवार.** गौ तस्करी का मामला देश के ज्यादातर राज्यों में देखने को मिलता है। इसके खिलाफ स्थानीय प्रशासन सख्त कार्यवाई भी करता है, लेकिन इसके बावजूद तस्कर बेखौफ कानून को हाथ में लेते हैं। अब इसको लेकर कर्नाटक सरकार एक्शन मोड में आ गई है।

दरअसल, उत्तर कन्नड़ जिले में गाय चोरी की घटनाओं के बीच, जिले के प्रभारी मंत्री मंकल एस वैद्य ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को खुलेआम गोली मार दी जाएगी।

### गर्भवती गाय की हत्या पर बोले मंत्री वैद्य

मंत्री ने कहा कि वह जिले में ऐसी गतिविधियों को जारी नहीं रहने देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन गायों की रक्षा और उन्हें पालने वालों के हितों के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। मंत्री का यह बयान यहां होन्नावर के पास एक गर्भवती गाय की हत्या की हालिया घटना पर आक्रोश के मद्देनजर आया है।

**वैद्य ने आगे कहा,**
गाय चोरी कई सालों से हो रही है। मैंने एसपी से कहा है कि यह बंद होना चाहिए और किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होना चाहिए। हम गायों की पूजा करते हैं। हम इस जानवर को प्यार से पालते हैं। हम इसका दूध पीकर बड़े हुए हैं।

### सख्त कार्रवाई होगी

पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि इसके पीछे जो लोग हैं, चाहे वे कोई भी हों, उनके खिलाफ निर्दयी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी चीजें जारी रहीं तो मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि आरोपियों को सड़क पर गोली मार दी जाए।

# फडणवीस बोले- राहुल ने महाराष्ट्र का अपमान किया, माफी मांगिए

## राहुल ने संसद में कहा था- महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा ने 70



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को राहुल गांधी से कहा कि वे महाराष्ट्र की जनता से माफी मांगें। दरअसल, राहुल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा ने वोटर्स की संख्या में धांधली की।

राहुल ने लोकसभा में दावा किया था कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच भाजपा ने अपनी जीती हुई सीटों पर करीब 70 लाख नए वोटर जोड़े, जो हिमाचल प्रदेश की पूरी आबादी के बराबर है।

इस पर पलटवार करते हुए फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र का अपमान करने के बजाय आत्मचिंतन करें! यह छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, महात्मा फुले और वीर सावरकर की धरती है। सिर्फ इसलिए कि आपकी पार्टी हार गई, आप जनता के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं।'

फडणवीस ने आगे कहा, 'अपनी हार पर चिंतन करने के बजाय, आप झूठे आरोप लगा रहे हैं। महाराष्ट्र की जनता आपको इसके लिए माफ नहीं करेगी। राहुल गांधी, माफी मांगें!'

### शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे बोले- ऐसे बयानों से राहुल की निराशा झलकती है

- इसे लेकर महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने सोमवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र चुनाव को लेकर किए गए उनके दावे निराधार हैं और इससे दिखाता है कि वे लगातार हार की वजह से निराशा में हैं।
- शिंदे ने कहा कि राहुल झूठे आरोप लगाकर सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक जिम्मेदार नेता के लायक व्यवहार नहीं है, बल्कि उनकी राजनीतिक हताशा को दिखाता है। शिवसेना की मांग है कि राहुल गांधी महाराष्ट्र की जनता ही नहीं, बल्कि पूरे देश से माफी मांगें।
- शिंदे ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की बातें सिर्फ भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने और कांग्रेस की लगातार हार को छिपाने का तरीका हैं। महाराष्ट्र में पिछले 30 वर्षों में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, जो हमारे लोकतंत्र की मजबूती को दर्शाता है। इसका पूरा श्रेय चुनाव आयोग को जाता है. जिसने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराए।
- शिंदे ने कहा, 'राहुल गांधी की बेबुनियाद बातें जनता की मर्जी से ऊपर नहीं जा सकतीं। 2024 के विधानसभा चुनावों में महा विकास अघाड़ी (MVA) की करारी हार बाहरी वजहों से नहीं, बल्कि उनकी खुद की गलतियों, अहंकार और विचारधारा के टकराव की वजह से हुई।'

# 2 मालगाड़ियां टकराईं

- **रेड सिग्नल पर एक ट्रेन खड़ी थी, पीछे से दूसरी ने टक्कर मारी**

**फतेहपुर.** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में दो मालगाड़ियों में भिड़ंत हो गई। एक मालगाड़ी ट्रैक पर खड़ी थी, तभी पीछे से आई दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे खड़ी मालगाड़ी का इंजन और गार्ड का डिब्बा ट्रैक से नीचे जा गिरे।

हादसे में दोनों ट्रेनों के लोको पायलट गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार सुबह DFC यानी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर हुई। इस पर सिर्फ मालगाड़ियां ही चलती हैं। ऐसे में यात्री ट्रेनों पर घटना का असर नहीं हुआ। रेलवे के सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए हैं।

दोनों ट्रेनों के लोको पायलटों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत और बचाव के लिए टीम पहुंच गईं। ट्रैक को क्लियर किया जा रहा है। हादसा कानपुर-फतेहपुर के बीच खागा में पांभीपुर के पास अप लाइन पर हुआ।

## आम सूचना

मैं श्री वासुदेव गोबिंदराम मेवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 5, पहला माला, राजेश सोसायटी के पास, पवाई पेट्रोल पंप के सामने, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीआय009672700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुमन रमेशलाल तोतानी व श्री दीपक नरेशलाल महतानी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.2.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री वासुदेव गोबिंदराम मेवानी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती हेमा राजेश वाधवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि 57/01, शॉप नं. 2, विट्ठल नगर, महेश्वरी हॉस्पिटल के पास, अंबरनाथ रोड, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 57डीओ09309700) उक्त प्रॉपर्टी श्री नंद श्यामलाल नागपाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 29.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती हेमा राजेश वाधवानी**

## आम सूचना

हम श्री दिलशाद अहमद व श्रीमती आशिया बानो सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, आकाश कालोनी, ब्लॉक नं. 2077, सेक्शन 36, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 55डीओ011788100) उक्त प्रॉपर्टी श्री रफिक युसुफ खान व श्रीमती कमरुलनिसा रफिक खान के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.1.2025 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री दिलशाद अहमद व श्रीमती आशिया बानो**

# 23 फरवरी को भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

- **भारत-पाकिस्तान मुकाबले के टिकट मिनटों में बिके**
- **चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सभी मैचों के टिकट सोल्ड आउट**



ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की टिकट कुछ ही मिनट में सोल्ड आउट हो गए। हाइब्रिड मॉडल में हो रहे टूर्नामेंट में 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान का मैच दुबई में खेला जाना है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए टिकट की बिक्री सोमवार शाम 5 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई थी। टिकट की सबसे कम कीमत 125 दिरहम यानी भारतीय करेंसी में 2964 रुपए थी। वहीं प्रीमियम लॉन्ज की कीमत 5000 दिरहम, भारतीय करेंसी में 1 लाख 18 हजार रुपए थी।

### जिस स्पीड से टिकट बिक रहे थे वो शॉकिंग था- टिकट खरीदने वाली सुधाश्री

न्यूज एजेंसी IANS के मुताबिक दुबई के निवासी सुधाश्री ने बताया, मैं जानता था कि टिकट के लिए वेट करना होगा, लेकिन जिस स्पीड से टिकट बिक रहे थे वो शॉकिंग था। जब मैं टिकट खरीदने पहुंचा तब सिर्फ 2 कैटेगरी बाकी थी। जो मेरे बजट से बाहर थी।

पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। साल 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को फाइनल में पाकिस्तान ने हराकर खिताबी जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीमें शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें हैं।

सभी टीमें ग्रुप में 3-3 लीग मैच खेलेंगी और और टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल या फाइनल में अगर भारतीय टीम पहुंचती है तो मुकाबले दुबई में होंगे।

### भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश से

इंडिया-पाकिस्तान के मैच से पहले भारत बांग्लादेश से भी भिड़ेगा, जो मैच 20 फरवरी को खेला जाएगा। लेकिन ICC की वेबसाइट पर इसके टिकट भी बुक हो चुके हैं। न्यूजीलैंड के साथ 2 मार्च को खेला जाने वाला मैच भी पूरी तरह सोल्ड आउट है।

### दुबई स्टेडियम में 25 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का टूर्नामेंट पहले पूरी तरह से पाकिस्तान में होना था, लेकिन भारतीय टीम ने पाकिस्तान जाकर खेलने को मना कर दिया। जिसके बाद यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जा रहा है। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए 25 हजार सीट हैं।

# सरकारी बैंक में गजब खेला!

- **21 लाख रुपए की चोरी में मैनेजर, कैशियर, चपरासी सभी गिरफ्तार**

**बलिया.** उत्तर प्रदेश के बलिया में सरकारी बैंक में वहां के मैनेजर, कैशियर, चपरासी ने ही मिलकर खेला कर दिया। बैंक से साढ़े 21 लाख रुपए चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। जांच शुरू हुई तो पता चला कि बिना स्ट्रांग रूम का ताला टूटे ही रुपए गायब हो गए हैं। पहले कैशियर को उठाया गया। इसके बाद मैनेजर और चपरासी शिकंजे में आए। मंगलवार को पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए मैनेजर, कैशियर और चपरासी सभी को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया।

संवरा चट्टी पर रसड़ा-फेफना मुख्य मार्ग के किनारे एक मकान के प्रथम तल पर बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा है। 27 जनवरी की देर शाम काम-काज निपटाने के बाद शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारी घर चले गए। मंगलवार सुबह बैंक के कैशियर स्वामीनाथ पहुंचे तो मुख्य गेट बंद था, जबकि पश्चिम दिशा में रेलिंग पर लगा चैनल खुला था। उसमें लगा ताला भी गायब था। कैशियर बैंक के अंदर पहुंचे तो चेस्ट से पैसा गायब था।

एसपी ओमवीर सिंह अन्य अफसरों ने जांच पड़ताल की थी। बिना स्ट्रांग रूम का ताला टूटे पैसे गायब होने पर पुलिस को उसी दिन कुछ शक हुआ था। चेस्ट की एक-एक चाबी कैशियर और मैनेजर के पास रहती है। दोनों लगने पर ही चेस्ट खुलता है। किसी एक चाभी से नहीं खुल सकता है। इसलिए ही बैंक के मैनेजर और कर्मचारियों पर ही शक हुआ था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच के बाद मंगलवार दोपहर शाखा प्रबन्धक चन्द्रभूषण राय, कैशियर स्वामी नाथ राम और चपरासी सुनील यादव को सवंरा गांव में एक चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## संक्षेप...

### लोन वसूली को लेकर परेशान शख्स ने दे दी जान

**भिवंडी.** गणेशपुरी में 38 वर्षीय एक व्यक्ति ने 1.8 लाख रुपये लोन चुकाने को लेकर परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. फिलहाल पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है.

वहीं, पुलिस ने पिछले महीने हुई इस घटना के संबंध में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जानकारी के मुताबिक मृतक अमीन शेख ने आरोपियों से 1.80 लाख रुपये का लोन लिया था. गणेशपुरी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त ब्याज सहित कुल 3.30 लाख रुपये चुकाने के बावजूद, आरोपी ने कथित तौर पर उसे और पैसे के लिए परेशान करना और धमकाना जारी रखा.

गंभीर संकट में फंसे व्यक्ति ने 14 जनवरी को गणेशपुरी इलाके में अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. घटना के बाद पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और शुरू में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया. अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को शेख द्वारा उसके मोबाइल फोन पर छोड़ा गया एक रिकॉर्डेड संदेश मिला है.

# सरकारी दफ्तरों में मराठी में बात करना अनिवार्य

### ■ उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

मुंबई. महाराष्ट्र सरकार ने सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों में मराठी में बात करना अनिवार्य कर दिया है. महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार (3 फरवरी) को इस संबंध में सरकारी प्रस्ताव (नोटिफिकेशन) जारी कर दिया है. इसमें कहा गया है कि स्थानीय स्वशासन, सरकारी निगमों और सरकारी सहायता प्राप्त प्रतिष्ठानों में मराठी बोलना अनिवार्य है. नोटिफिकेशन में चेतावनी दी गयी है कि दोषी अधिकारियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा.

#### कीबोर्ड पर मराठी देवनागरी वर्णमाला

पिछले साल स्वीकृत मराठी भाषा नीति में भाषा के संरक्षण, संवर्धन, प्रसार और विकास के लिए उठाए गए कदमों को आगे



बढ़ाने के लिए सभी सार्वजनिक मामलों में मराठी के उपयोग की सिफारिश की गई थी. इसमें कहा गया है कि सभी कार्यालयों में पीसी (पर्सनल कंप्यूटर) कीबोर्ड पर रोमन वर्णमाला के अलावा मराठी देवनागरी वर्णमाला भी होनी चाहिए.

#### दफ्तरों में मराठी में नोटिस अनिवार्य

दफ्तरों के अंदर नोटिस मराठी भाषा में भी जरूर होने चाहिए. इसमें कहा गया है कि जो सरकारी कर्मचारी इसका पालन नहीं करेंगे उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा. इसका पालन नहीं किए जाने की शिकायत दफ्तर के हेड या विभाग के हेड से की जा सकती है, जो आवश्यकता पड़ने पर जांच करेंगे और कार्रवाई करेंगे.

#### दफ्तर आने वाले विजिटर्स के लिए भी मराठी अनिवार्य

इतना ही नहीं, सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि सरकारी दफ्तरों में आने वाले विजिटर्स के लिए भी मराठी में बातचीत करना अनिवार्य होगा. हालांकि उन लोगों को इससे छूट मिलेगी जो यह भाषा नहीं बोलते हैं, जो विदेशी या महाराष्ट्र के बाहर के गैर-मराठी भाषी हैं.

#### मराठी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना उद्देश्य

नोटिफिकेशन में कहा गया है कि जो नए व्यवसाय होंगे उन्हें मराठी में नाम रजिस्टर करवाना होगा. इस पॉलिसी की उद्देश्य राज्य के प्रशासन और पब्लिक लाइफ में मराठी भाषा के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है.

# सिडको के अधिकारी भ्रष्ट व अक्षम

### ■ गणेश नाइक ने जनता दरबार में व्यक्त की नाराजगी

**नवी मुंबई.** सिडको में कुछ अधिकारी अयोग्य और भ्रष्ट हैं। वे पैसे के लिए नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करते हैं। राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने आज नवी मुंबई में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विभाग पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इन अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और अब सिडको को नवी मुंबई से बाहर निकालने का समय आ गया है। नाईक ने वाशी के विष्णुदास भावे नाट्यगृह में जनता दरबार आयोजित किया. यह सार्वजनिक सुनवाई लगभग सात घंटे तक चली। उस समय नाइक ने सिडको समेत कई मनपा अधिकारियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

#### 500 नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखीं

नवी मुंबई में कार्यरत सभी प्राधिकरणों में कुछ अधिकारी भ्रष्ट हैं। इसके कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि ये अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं, इसलिए नागरिकों को अपने काम लेकर जनता दरबार में



आना पड़ रहा है। आज का जनता दरबार सुबह शुरू हुआ। उम्मीद थी कि यह दो से तीन घंटे में ख़त्म हो जाएगा। हालाँकि, वास्तव में यह सार्वजनिक बैठक शाम तक चली। सात घंटे तक चले जनता दरबार में करीब 500 नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखीं। सिडको के कुछ अधिकारी काफी हद तक भ्रष्ट और अक्षम हैं। वे अनावश्यक रूप से नागरिकों का शोषण कर रहे हैं। वह इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक करेंगे। गणेश नाईक ने इस बैठक में यह भी घोषणा की कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नवी मुंबई महानगरपालिका के शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में बड़ी संख्या में संविदा और एकमुश्त कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उनमें से कई लोग लगभग 13 वर्षों से काम कर रहे हैं। कुछ प्रभावशाली लोगों को महानगरपालिका सहित अन्य प्राधिकरणों में शामिल किया गया है।

#### सिडको को अब हट जाना चाहिए

सिडको को अब इस शहर से हट जाना चाहिए। सिडको का काम ख़त्म हो गया है। इस शहर में फ्रीहोल्ड भूमि समय की मांग है। सत्र शुरू होने से पहले जगह खाली करने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक की जाएगी। गणेश नाइक ने यह भी चेतावनी दी कि शहर की समस्याओं के समाधान के लिए अगर सड़कों पर उतरने की नौबत आई तो वे पीछे नहीं हटेंगे।

## मार्कंडेय महामुनि वाचनालय का 21वां स्थापना दिवस संपन्न



**भिवंडी.** अखिल पद्मशाली समाज के आराध्य देवता मार्कंडेय महामुनि की जयंती और शहर के पद्मानगर स्थित मार्कंडेय महामुनि वाचनालय समिति संस्थापक अध्यक्ष पूर्व पार्षद शिवसेना नेता संतोष शेट्टी की अगुवाई में 21वां स्थापना दिवस गायत्रीनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. उक्त अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों का गौरव किया गया.

गौरतलब हो कि, मार्कंडेय महामुनि की जयंती के अवसर पर वाचनालय समिति संस्थापक अध्यक्ष पूर्व पार्षद के कुशल नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौड़ालिंगम, डॉ. चेन्ना राजमल्लव्या और भूमेश सामलेटी को परिजनों सहित समाज के अमूल्य पुरस्कार 'पद्मतेजम' जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया. डॉक्टरों, स्नातकों, वकीलों और अभियंताओं का भी विशेष सम्मान किया गया. कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में वाचनालय समिति अध्यक्ष श्रीनिवास बाले, ईश्वर पामू, आडेप श्रीनिवास, गौड़ा श्रीनिवास, कोंडा मोहन, किरण सामल और अन्य कार्यकर्ताओं का अहम योगदान हासिल हुआ. स्थापना दिवस मौके पर शिवसेना पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे, पूर्व उपमहापौर मनोज काटेकर, मदन बुवा नाईक, श्याम अग्रवाल, मुरली मच्छा, शशिलता शेट्टी, अखिल पद्मशाली समाज अध्यक्ष पोट्टाबत्तीनी रामकृष्ण, कोषाध्यक्ष येल्ले सागर, कोंका मल्लेशम,राजेश शेट्टी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

## 26 लाख रुपए का मैफेड्रॉन पावडर बरामद

### ■ 2 गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे पुलिस की नशा विरोधी दस्ते ने एक कार्यवाही में ठाणे शहर के मानपाड़ा में हैप्पी वैली सर्कल में दो संदिग्ध लोगों से 25जनवरी 2025को 152.5ग्राम मैफेड्रॉन पाउडर जब्त किया है। बरामद मैफेड्रन नशीला पदार्थ की कीमत 25लाख 88हजार 820रुपए आंकी गई है।ठाणे पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से आज बताया गया कि ठाणे पुलिस के नशा विरोधी दस्ते के



कांस्टेबल अमोल देसाई को 25जनवरी को सूचना मिली थी कि ,मानपाड़ा में हैप्पी वैली परिसर में दो संदिग्ध लोग अवैध नशीला पदार्थ विक्रय करने के लिए आने वाले है।इसके बाद पुलिस ने जाल बिछा कर दो लोगों की तलाशी लेकर 152.5ग्राम मैफेड्रॉन पावडर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मीरा रोड निवासी 29 वर्षीय मोइन मोहम्मद आरिफ निर्वाण तथा 27वर्षीय मोहम्मद मुजम्मिल लियाकत अली नागौरी है,इन्हें पूछताछ के पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

यह कार्यवाही ठाणे पुलिस के नशा विरोधी दस्ते के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल म्हस्के के मार्ग दर्शन में की गई।

## कोर्ट ने सौतेली बेटी से यौन उत्पीड़न करने के आरोपी को किया बरी

**ठाणे.** के ठाणे जिले की एक अदालत ने 14 वर्षीय सौतेली बेटी का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी व्यक्ति को नाबालिग द्वारा आरोपों से इनकार किए जाने के बाद बरी कर दिया। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश रूबी यू. मालवणकर ने भारतीय दंड संहिता और यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपों से व्यक्ति को बरी कर दिया। अदालत द्वारा 23 जनवरी को पारित आदेश की एक प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। विशेष सरकारी अभियोजक ने अदालत को बताया कि लड़की मीरा रोड में अपनी मां और सौतेले पिता के साथ रहती थी। लड़की ने आरोप लगाया था कि उसके सौतेले पिता ने उसे अनुचित तरीके से छुआ और उसे अश्लील वीडियो दिखाए तथा उत्पीड़न जनवरी 2021 से फरवरी 2021 के बीच हुआ। लड़की की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पांच महीने तक जेल में रहा।

### कार ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी, तीन घायल

**ठाणे.** ठाणे शहर में एक कार ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नगर निगम के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शहर की मुख्य घोडबंदर रोड पर पाटलीपाडा पुल के पास सोमवार रात करीब 10 बजे हुई।

ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि घटना के कारण सड़क पर करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा।

## 'लक्ष-लक्ष सूर्यनमस्कार' उपक्रम का एसएसटी महाविद्यालय में भव्य समापन

**उल्हासनगर.** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की 'विकसित भारत' और 'स्वस्थ भारत' पहल के तहत मुंबई विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) सेल, एसएसटी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई, आरोग्य योगा और नेचरोपैथी सेंटर बदलापूर, तथा जीवन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'लक्ष-लक्ष सूर्यनमस्कार' यह उपक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

इस उपक्रम का उद्घाटन मुरबाड-बदलापूर विधानसभा के विधायक किसन कथोरे के हाथों 1 जनवरी को बदलापूर में एक भव्य





समारोह में किया गया। इस उपक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रतिदिन सूर्यनमस्कार किया, जिससे कुल सवा लाख सूर्यनमस्कार का रिकॉर्ड स्थापित हुआ।

इस उपक्रम में एसएसटी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन कर छात्रों के बीच योग के प्रचार-प्रसार की जागरूकता बढ़ाई।

एसएसटी महाविद्यालय में इस उपक्रम का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 76 से अधिक योग शिक्षकों को सम्मानचिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, ठाणे जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 400 से अधिक स्वयंसेवकों ने इस समारोह में भाग लिया और सामूहिक रूप से सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन किया।

डॉ. विजय कुकरेजा की संकल्पना पर आधारित इस उपक्रम के सफल आयोजन के लिए मुंबई विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल के ओएसडी प्रो. सुशील शिंदे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रमेश देवकर, एसएसटी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में एनएसएस जिला समन्वयक एवं उप-प्राचार्य प्रो. जीवन विचारे ने विशेष परिश्रम लिया।

इसके साथ ही आरोग्य योगा और नेचरोपैथी सेंटर के संस्थापक डॉ. विजय कुकरेजा, सह-संस्थापक डॉ. निकिता शेलार, डॉ. सारिका कुकरेजा, उप-प्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, एनएसएस विभागीय समन्वयक प्रो. नीरज मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मयूर माथुर, प्रो. योगेश पाटिल, डॉ. सुवर्णा अहिरे, प्रो. दीपाली चव्हाण, प्रो. नेहा तेलानी, प्रो. कल्याणी पाटिल, प्रो. सिद्धी देसाई और स्वयंसेवकों ने इस उपक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

'योग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और युवा पीढ़ी को इसे अपनाना चाहिए'— इस संदेश को इस उपक्रम के माध्यम से प्रचारित किया गया।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## महाराष्ट्र चुनाव में शाम 6 बजे के बाद कैसे पड़े लाखों वोट!

### ■ हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शाम 6 बजे के बाद पड़े वोटों को मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। बॉम्बे एचसी ने भारत के चुनाव आयोग और महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। वंचित बहुजन अघाड़ी नेता और वकील प्रकाश आंबेडकर की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को यह कदम उठाया गया। याचिकाकर्ता आंबेडकर ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता को मिली टोकन की संख्या और सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वितरित टोकन की कुल संख्या का खुलासा करने में विफलता का दावा किया। इसे लेकर उन्होंने पूरी चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग रखी।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान शाम 6 बजे के बाद भारी मतदान हुआ था। जस्टिस



एएस गडकरी और जस्टिस कमल खाता की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है और मुंबई में विक्रोली के रहने वाले चेतन अहिरे ने याचिका दायर की है। याचिका के मुताबिक, मतदान के समापन मिनटों और समाप्ति के बाद के घंटों तक करीब 75 लाख से अधिक वोट डाले गए, मगर इसे सत्यापित करने की कोई पारदर्शी प्रणाली नहीं थी। इन दलीलों को साथ महाराष्ट्र में ईसीआई की ओर से आयोजित विधानसभा चुनाव को चुनौती दी गई है।

#### 'ईवीएम की सुरक्षा पर भी खड़े होते हैं सवाल'

याचिका के मुताबिक, मतदान के अंतिम मिनटों और समापन समय के बाद भी भारी वोट पड़े। यह स्थिति चिंता पैदा करती है। ईवीएम के जरिए चुनावी प्रक्रिया की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है, जिसे दूर किया जाना जरूरी है। बता दें कि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति ने 288 सदस्यीय विधानसभा में 230 सीट जीतकर चुनाव में शानदार विजय हासिल की थी। शिवसेना (यूबीटी) 20 सीट ही जीत पाई थी।




## फिल्म हेरा फेरी 3 में तब्बू की एंट्री!

### ■ एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर दिया हिंट

### ■ बोलीं- मेरे बिना कास्ट अधूरी है

फिल्म हेरा फेरी 3 में तब्बू भी नजर आ सकती हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि उनके बिना तो कास्ट अधूरी है। अब तब्बू की इस पोस्ट को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस भी हेरा फेरी 3 का हिस्सा होंगी और इसके जरिए उन्होंने एक हिंट भी दिया है।

दरअसल, तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की, जिसमें अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मेरा बिना कास्ट पूरी हो जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता है। साथ ही उन्होंने डायरेक्टर प्रियदर्शन को भी टैग किया है।'



तब्बू की इस पोस्ट के बाद फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि शायद 'हेरा फेरी 3' में सारे पुराने स्टार्स का री-यूनियन हो सकता है।

#### 'हेरा फेरी 1' में नजर आई थीं तब्बू

'हेरा फेरी' के पहले पार्ट में तब्बू नजर आई थीं। इसमें उन्होंने सुनील शेट्टी की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाई थी। ये फिल्म 2000 में रिलीज हुई थी और इसे प्रियदर्शन ने ही डायरेक्ट किया था।

इसके बाद साल 2006 में इस फिल्म का दूसरा पार्ट आया, जिसे नीरज वोरा ने डायरेक्ट किया था। हालांकि इस फिल्म में तब्बू नजर नहीं आई थीं।

#### साल 2026 में रिलीज होगी हेरा फेरी 3

हाल ही में डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अपने जन्मदिन पर फिल्म हेरा फेरी 3 का ऐलान किया था। अपने एक पोस्ट में उन्होंने परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी को टैग किया था। बताया जा रहा है कि इसी साल फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली जाएगी, जबकि इसे साल 2026 में रिलीज करने की तैयारी है। हालांकि, इस बारे में अब तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099